हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–50 : जौनपुर, गुरुवार 13 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## योगी कैबिनेट ने इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति को दी मंजूरी : 10 लाख रोजगार के खुलेंगे अवसर

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में नई इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण और गतिशीलता नीति– 2022 को मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर प्रदेश सरकार द्वारा भारी सब्सिडी दी जाएगी। सरकार ने इसके तहत प्रदेश में 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है जिससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर करीब 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। नीति का उद्देश्य न केवल राज्य में एक पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रणाली विकसित करना है बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों, बैटरी एवं संबंधित उपकरणों के विनिर्माण के लिए उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक केंद्र भी बनाना है। नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति – 2022 में त्रिआयामी प्रोत्साहन व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। जिसके तहत उपभोक्ताओं द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदारी के लिए, इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए, चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग सेवाओं के लिए प्रावधान रखे गए हैं। नई नीति की प्रभावी अवधि के पहले तीन वर्षों के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों की सभी श्रेणियों की खरीद पर 100 प्रतिशत रोड टैक्स एवं पंजीकरण शुल्क में छूट रहेगी। यदि इलेक्ट्रिक वाहन का निर्माण राज्य में किया गया है तो समान छूट चौथे व पांचवे वर्ष में भी जारी रहेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों के फैक्ट्री मूल्य पर 15 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदेश में खरीदे गए इलेक्ट्रिक वाहनों के फैक्ट्री मूल्य पर 15 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। इसमें पहले दो लाख दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों पर पांच हजार रुपये प्रति वाहन, पहले 50,000 तीन पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों पर अधिकतम 12,000 रुपये तक, पहले 25,000 चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रति वाहन पर एक लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं, प्रदेश में खरीदी गई पहली 400 बसों पर प्रति ई–बस 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही अधिकतम 1000 ई गुड्स कैरियर्स को प्रति वाहन 1,00,000 तक ई–गुड्स कैरियर्स की खरीद के लिए फैक्ट्री मूल्य पर 10 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। यूपी कैबिनेट ने इन फैसलों को भी दी मंजूरी अमेठी में नई जेल का निर्माण किया जाएगा। अभी तक अमेठी के बंदियों को सुल्तानपुर जेल में बंद किया जाता था। जेल मंत्री धर्मवीर



प्रजापति ने यह जानकारी दी। मथुरा के कोकिला वन में शनिधाम में परिक्रमा मार्ग बनाया जाएगा। इसके लिए वन विभाग की 2.011 हेक्टेयर भूमि ली जाएगी। उतनी ही भूमि वन विभाग को अन्यत्र दी जाएगी। मथुरा में नेशनल हाईवे 19 पर अकबरपुर जैत गांव में सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में पर्यटन सुविधा केन्द्र बनाया जाएगा। सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस की 2.03 हेक्टेयर भूमि निशुल्क पर्यटन विभाग को दी जाएगी। किसानों को चना, मसूर और दलहन के बीज व किट निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। डेढ़ लाख किसानों को चना और 1 लाख चना व एक लाख किसानों को चना बीज किट वितरण किया जाएगा। यूपी में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्राकृतिक खेती विकास बोर्ड का गठन किया जाएगा। कृषि मंत्री बोर्ड के उपाध्यक्ष होंगे। एक अक्तूबर से धान खरीद केंद्र शुरू किए जाएंगे। सामान्य धान की एमएससी 2040 रुपये प्रति क्विंटल और ए ग्रेड धान का 2060 प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित किया गया है। एक अक्तूबर से 31 अक्तूबर और 1 नवम्बर से 30 नवम्बर तक धान की खरीद दो चरणों में होगी। 73 लाख टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। सीमांत और लघु किसानों को प्राथमिकता मिलेगी। एफपीओ को भी निर्धारित शर्त पर धान खरीद की अनुमति दी जाएगी। मक्का और बाजरा की भी खरीद एमएसपी पर की जाएगी। मक्का की एमएसपी 1962 रुपये प्रति क्विंटल और बाजरा की एमएसपी 2350 रुपये प्रति की क्विंटल रखी गई है। मक्का 1 लाख टन और बाजरा 50 हजार टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। बरेली की नवाबगंज और आंवला नगर पालिका परिषद का सीमा विस्तार किया जाएगा। दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन नीति 2022 को मंजूरी मिली मथुरा की बरसाना, बहराइच की मिहींपुरवा के सीमा विस्तार को मंजूरी मिली। बाराबंकी की सुहेबा, अयोध्या की बीकापुर और भरतकुंड भदरसा नगर पंचायत के सीमा विस्तार को मंजूरी मिली। मऊ की मऊनाथ भंजन नगर पालिका परिषद का सीमा विस्तार हुआ है।

## सिद्धार्थनगर के बूढ़ी में राप्ती नदी पर बना बांध टूटा : 20 से ज्यादा गांव जलमग्न

गोरखपुर ब्यूरो : सिद्धार्थनगर जिले की इटवा तहसील क्षेत्र के बूढ़ी राप्ती नदी पर स्थित अशोगवा मदरहवा बांध बुधवार रात टूट गया और बूढ़ी राप्ती नदी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि 20 से ज्यादा गांव जलमग्न हो चुके हैं। बूढ़ी राप्ती का सैलाब जिस प्रकार बढ़ रहा है, लोगों में दहशत और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। आपको बता दें कि यह बांध लोगों के आवागमन का केंद्र होने के साथ ही बाढ बचाव में भी अहम था। बारिश और जलभराव के बाद बांध में रिसाव होने लगा था। लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। जिले में लगातार बाढ़ की तबाही जारी है। पहाड़ से निकलने वाली नदियां लगातार सैलाब बनकर लोगों पर टूट रही हैं। शोहरतगढ़ डुमरियागंज इटावा और बांसी तहसील में लगातार बाढ़ का कहर जारी है। इस बीच बुधवार रात इटवा तहसील क्षेत्र के बूढ़ी राप्ती नदी पर स्थित अशोगवा मदरहवा बांध टूट गया। बांध के टूटने से देखते ही देखते 20 से ज्यादा गांव जलमग्न हो गए। हर तरफ सैलाब ही सैलाब नजर आने लगा। किसी तरीके से लोगों ने बढ़ते हुए पानी से जान बचाने के लिए छतों पर शरण लिया, तो कुछ ने उंचे स्थानों पर। लोगों ने प्रशासन की लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि सिंचाई विभाग को बाद में रिसाव होने की सूचना पहले दे दी गई थी।



बावजूद इसके विभाग ने बड़ी चूक की जिसका नतीजा है कि बांध टूट गया और लोग सैलाब से जूझ रहे हैं। ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मदद की गुहार लगाई है। लेकिन अभी तक ना तो राहत और ना ही बचाव कार्य शुरू हो पाया है। सुनौली नानकार के ग्राम प्रधान मुकेश ने बताया कि बाद में रिसाव होने की जानकारी पहले ही सिंचाई विभाग को दी गई थी। बावजूद इसके यहां कोई कदम नहीं उठाया गया जिसका नतीजा है कि गांव पानी के सैलाब में डूब गया है। लोग बांध पर शरण लिए हैं। भारी क्षति हुई है और प्रशासन मौन है।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने सेना को विजेता ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का बढ़ाया गया मनोबल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 36 वे राष्ट्रीय खेल दर्शन यात्रा वृतांत बताते हुए खेल शिक्षक आलोक द्विवेदी में कहा कि 36 वे राष्ट्रीय खेल 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक गुजरात के 6 शहरों अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, बड़ोदरा, राजकोट तथा भावनगर में आयोजित किए गए। राष्ट्रीय खेल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और ढेर सारी शुभकामनाएं दी इस अवसर पर लगभग 100000 दर्शक की उपस्थिति में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें आतिशबाजी, लोक कला और संगीत एक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। गुजरात के तैराक मन्ना पटेल ने एकता की प्रतीक मसाल प्रधानमंत्री मोदी को प्रदान की। इस अवसर पर ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा, बैडमिंटन स्टार पीवी सिद्धू, पहलवान रवी दहिया, महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू तथा हॉकी के पूर्व कप्तान दिलीप तिर्की मौजूद थे। इस खेल में लगभग 7000 खिलाड़ी 36 स्पर्धाओं में भाग लिया। इस आयोजन में वेटलिफ्टिंग में 8 साल पहले हारी मीराबाई चानू ने संजीता से विजय प्राप्त की। 48 किलोग्राम वर्ग में संजीता को हराकर मीराबाई चानू ने अपना सपना पूरा किया। एथलेटिक्स में 5000 मीटर दौड़ महिला वर्ग में पारुल ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में असम के अम्लान में स्वर्ण पदक जीता। पोल वॉल्टर शिवा ने 5.31 मीटर की छलांग के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। हिमाचल की सीमा ने 10000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता। 10 मीटर एयर पिस्टल में उत्तर प्रदेश की युविका तोमर ने स्वर्ण पदक जीता। तैराकी में 100 मीटर बटरफ्लाई में आस्था ने नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। एथलेटिक्स 35 किलोमीटर पैदल चाल में यूपी के राम बाबू ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया वही वेटलिफ्टिंग में महिलाओं के 87



किलोग्राम भार वर्ग में उत्तर प्रदेश की पूर्णिमा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बैडमिंटन में तेलंगाना के शटलर साई प्रणीत तथा तीरंदाजी में अतनु ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तैराकी में कर्नाटक की 14 साल की तैराक हंसिका ने रामचंद्र तरणताल में अपना वर्चस्व जारी रखते हुए 6 स्वर्ण पदक विभिन्न स्पर्धा में प्राप्त किए वही ओलंपियन तैराक श्री हरि ने गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय खेल में इस बार योगा तथा मलखान को स्वदेशी खेल के रूप में शामिल किया गया। मलखंब में गुजरात के 10 वर्षीय सौर्य जीत व्यक्तिगत पूर्ण वर्ग में कांस्य पदक जीता वह राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उनके खेल कौशल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी सराहा है।राष्ट्रीय खेल में तैराक साजन और हंसिका को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। इस राष्ट्रीय खेल में सेना ने 61 स्वर्ण पदक, 35 रजत पदक तथा 32 कांस्य पदक समेत 128 पदक जीतकर प्रथम शीर्ष पर रहा। महाराष्ट्र 39 स्वर्ण पदक, 38 रजत पदक तथा 63 कांस्य पदक समेत 140 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा। हरियाणा 38 स्वर्ण पदक, 38 रजत पदक तथा 40 कांस्य पदक समेत 116 पदक जीत कर तीसरे स्थान पर रहा। राष्ट्रीय खेल का समापन उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सेना को विजेता ट्रॉफी प्रदान कर उपस्थित खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

### प्रारंभिक परीक्षा (पीईटी) 2022 की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में हुई बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रारंभिक परीक्षा (पीईटी) 2022 की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में बैठक की गई। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 2022 की लिखित परीक्षा 15 व 16 अक्टूबर 2022 (शनिवार व रविवार) को 04 पालियों (प्रत्येक दिवस दो पाली, प्रथम पाली पूर्वाहन 10:00 से 12:00 बजे तक व द्वितीय पाली अपराह्न 03.00 बजे से 05:00 बजे तक) का आयोजन जनपद के 37 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होनी है। परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक–एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने से परीक्षा समाप्ति तक उपस्थित रह कर नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा आयोग के दिशा निर्देश के क्रम सम्पन्न करायेंगे। समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा 15 व 16 अक्टूबर 2022 (शनिवार व रविवार) को गोपनीय शील्ड पैकेट के लिए कोषागार में प्रातः 05:00 बजे उपस्थित होंगे तथा गोपनीय सामाग्री को प्राप्त कर परीक्षा प्रारम्भ होने से 1:30 घण्टा पहले परीक्षा सामग्री अपने–अपने परीक्षा केन्द्रों पर ले जाकर केन्द्राध्यक्ष/प्रधानाचार्य को प्राप्त करायेंगे। जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है कि केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में परीक्षा कक्ष में मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस कैलकुलेटर आदि लेकर परीक्षार्थी नहीं बैठेंगे। अपर जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि 15 अक्टूबर 2022 को प्रथम पाली में 17448 एवं द्वितीय पाली में 17448 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। 16 अक्टूबर 2022 को प्रथम पाली में 17448 एवं द्वितीय पाली में 17448 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी एवं आयोग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से किया जा सकेगा वितरण

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि वितरण माह अक्टूबर, 2022 में होने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 चावल प्रति यूनिट की मात्रानुसार माह–अगस्त, 2022 के सापेक्ष आवंटित निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण 14 अक्टूबर 2022 से प्रारम्भ होकर 20 अक्टूबर 2022 तक सम्पन्न होगा।उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 20 अक्टूबर 2022 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से चावल प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार चावल का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त के अतिरिक्त जनपद के समस्त कार्डधारकों/लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि कतिपय कारणों से वर्तमान माह– अक्टूबर, 2022 में माह–अगस्त, 2022 हेतु आवंटित पी0एम0जी0के0ए0वाई0 योजना का खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है, जबकि पी0एम0जी0के0ए0वाई0 योजना अन्तर्गत माह–सितम्बर, 2022 हेतु आवंटित खाद्यान्न का वितरण एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत माह–सितम्बर, 2022 एवं माह –अक्टूबर, 2022 हेतु आवंटित खाद्यान्न का वितरण शासन के निर्देशानुसार अग्रेतर किया जायेगा। उक्त के सम्बन्ध में किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। उक्त सूचना के सम्बन्ध में एवं निःशुल्क चावल के वितरण की सूचना को उचित दर विक्रेता अपनी दुकानों पर चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मांगी नाव न केवट आना कहहि तुम्हार मरम हम जाना

सुजानगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के मोहरियाव गांव में चल रहे आदर्श रामलीला धर्म मंडल समिति के तत्वावधान में बुधवार की रात्रि में राम केवट संवाद,सीता हरण का मंचन हुआ।रामलीला का शुभारंभ गुरु प्रसाद तिवारी ने राम लक्ष्मण सीता हनुमान जी की आरती उतार कर किया। उन्होंने कहा कि राम के आदर्शों को हर ब्यक्ति को अपने अंदर समाहित करना चाहिए और सदैव सत्य के मार्ग पर



चलना चाहिए। रामलीला मंचन में राम केवट संवाद में मांगी नाव केवट आना कहहु तुम्हार मरम हम जाना। संवाद सुनकर पंडाल में श्रोता भावुक हो उठे। केवट प्रभु राम को पहचान जाता है और नदी पार कराने से मना कर देता है। प्रभु राम कारण पूंछते है तो केवट कहता है कि आपको बैठाने से मेरी नौका औरत बन जाएगी तो मैं क्या करूँगा प्रभु ।इसलिए आपके पांव पखारने के बाद ही नौका पार बैठा सकता हूँ।फिर प्रभु राम की सहमति से वह उनके पांव को धोकर नौका में बैठाकर नदी को पार कराया।यह मंचन देखा दरसक भाव विभोर हो गए।दर्शकों ने जय श्री राम के नारे लगाए जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। दूसरे दृश्य में रावण द्वारा सीता का हरण का मंचन और माता सीता को बचाने के लिए जटायु और रावण का युद्ध का मंचन हुआ ।वहीं पर व्यास जय प्रकाश मिश्र कुल्लू ने गीतों के माध्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।रामलीला का संचालन महामंत्री भाष्कर मणि तिवारी ने किया ।इस अवसर पर चाँद मोहम्मद, हनुमान तिवारी, पप्पू पांडे,अफरोज, रविन्द्र दुबे ,सूर्यमणि दुबे,सोनू तिवारी, संतोष मिश्र,अभिषेक मिश्रा, बड़े चौबे, आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानों की जांच के संबंध में जांच अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में प्रधानों की जांच के संबंध में जांच अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जांच अधिकारियों को



निर्देशित किया कि जल्द से प्रधानों की जांच कर रिपोर्ट दे दे। जांच के दौरान शिकायतकर्ता से पर्याप्त साक्ष्य ले। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एवं आबकारी अधिकारी के पास 2014 की जांच लंबित है जिसे जल्द से जल्द जांच पूर्ण कर रिपोर्ट देने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। सभी अधिकारियों से कहा कि निष्पक्षता से जांच करे किसी भी प्रकार की शिकायत न आने पाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, उपायुक्त मनरेगा भुपेन्द्र सिंह सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन में मेरा मेरा करके मर जानें से बेहतर है तेरा तेरा करके तैर जाना।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# चुनावी राजनीति में दक्षिण : भाजपा की आक्रामक रणनीति

उत्तर भारत की जो पार्टियां अक्सर दक्षिण की आलोचना करती थीं, अचानक वे इन राज्यों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। दक्षिण में छह से आठ जातियों का वर्चस्व है। इनमें सबसे शक्तिशाली लिंगायत, वोक्कालिगा, गोंडर, थेवर, खम्मा और रेड्डी हैं।

दक्षिण के क्षेत्रीय दलों के नेता अचानक उत्तर भारत पर ध्यान क्यों केंद्रित करने लगे हैं? यह भारतीय राजनीति में एक नया मोड़ है। आप चाहे जिस तरफ से देखें, उत्तर और दक्षिण भारत के बीच एक स्पष्ट विभाजन मौजूद है। ऐसे में, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अपनी रणनीतियों और प्रभाव क्षेत्र से बाहर निकलते हुए कई नेताओं ने उत्तर और दक्षिण के बीच भागदौड़ शुरू कर दी है। इसकी मुख्य वजह यह है कि दक्षिण भारत में लोकसभा की 130 सीटें हैं। वायनाड से सांसद और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। इसी तरह के. चंद्रशेखर राव ने पिछले दिनों नीतीश कुमार से मुलाकात की, तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने शिक्षा मॉडल का प्रचार करने तमिलनाडु पहुंचे। उन्होंने वहां द्रमुक के प्रमुख एम. के. स्टालिन से मुलाकात भी की।

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के कोच्चि में भारतीय नौसैनिक जहाज विक्रांत राष्ट्र को समर्पित किया, तो गृहमंत्री अमित शाह ने दक्षिणी राज्य परिषद की बैठक के लिए केरल को चुना।

भाजपा द्वारा अचानक बीएस येदियहरप्पा को संसदीय बोर्ड में शामिल करने का फैसला और तमिलनाडु की वनती श्रीनिवासन को भाजपा महिला मोर्चा का प्रमुख बनाना, जो हिंदी नहीं जानतीं, क्या बताता है? यही कि भाजपा के लिए भी दक्षिण भारत का महत्व बढ़ गया है। राहुल गांधी कर्नाटक में दो युद्धरत कांग्रेस नेताओं–डीके शिव कुमार और सिद्धारमैया को नाटकीय तरीके से एक साथ ले आए, जैसे कि उन्होंने कांग्रेस के लिए मिलकर काम करने के लिए सुलह कर ली हो। गौरतलब है कि पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू और चरणजीत सिंह चन्नी को साथ लाने के लिए भी राहुल गांधी ने यही किया था। उसके बावजूद पंजाब में कांग्रेस चुनाव हार गई।

भाजपा और कांग्रेस के फैसलों से पता चलता है कि दोनों राष्ट्रीय दलों की नजर दक्षिण भारत के छह राज्यों की 130 लोकसभा सीटों पर है। 1980 के दशक के उत्तरार्ध में एनटीआर, एमजीआर, जयललिता जैसे कद्दावर नेता थे, लेकिन हाल के वर्षों में इन नेताओं की प्रतिकृतियां ही रह गईं। इनमें से कई 2जी और कोयला घोटाले में संलिप्त थे। यहां तक कि यूपीए सरकार में वित्तमंत्री रहे पी. चिदंबरम तक को सुप्रीम कोर्ट ने जेल में डाल दिया था। दक्षिण की क्षेत्रीय पार्टियों को इससे पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं हुआ होगा।

उत्तर भारत की जो पार्टियां अक्सर दक्षिण की आलोचना करती थीं, अचानक वे इन राज्यों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। दक्षिण में छह से आठ जातियों का वर्चस्व है। इनमें सबसे शक्तिशाली लिंगायत, वोक्कालिगा, गोंडर, थेवर, खम्मा और रेड्डी हैं। इन समुदायों के नेता स्वतंत्रता सेनानी थे। लेकिन यहां केंद्र के खिलाफ क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ। वर्चस्ववादी नीतियों के कारण ये पार्टियां स्वाभाविक ही कांग्रेस और भाजपा से चिढ़ गईं।

लेकिन अब भाजपा दक्षिण के राज्यों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। हाल ही में तेलंगाना राष्ट्र समिति के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने पटना में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के साथ लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति पर चर्चा की। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने तमिलनाडु और कर्नाटक का दौरा किया। ऐसा क्यों? नीतीश कुमार अक्तूबर में द्रमुक नेता स्टालिन से मिलेंगे।

हालांकि गोवा में विफल होने के बाद ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने दक्षिण भारत का रुख न करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता दक्षिण में बढ़ी है। इसका प्रमुख कारण आठ वर्षों का स्वच्छ प्रशासन है।

यूपीए के विपरीत, उनके कार्यकाल में केंद्र–राज्य संबंध सहज रहे हैं। फिर खासकर यूपीए–2 में तो कई घोटाले, बम धमाके और सांप्रदायिक तनाव के हालात पैदा हुए थे। दिलचस्प बात यह है कि हाल के महीनों में प्रधानमंत्री मोदी की जगन मोहन रेड्डी से भी चार मुलाकातें हुईं और इतनी ही बार मुलाकातें चंद्रबाबू नायडू के साथ भी हुईं। क्या इसका मतलब यह है कि 2024 में आंध्र प्रदेश में भाजपा का कोई दुश्मन नहीं है? तथ्य यह है कि तेलंगाना का अलग राज्य बनने के बाद आंध्र में कांग्रेस का पतन हो गया है और भाजपा दक्षिण भारत में निश्चित रूप से आगे बढ़ रही है। कर्नाटक और पुदुचेरी में उसकी सरकार है।

जबकि कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में अपना जनाधार खो दिया है। जब से उत्तर प्रदेश में मोदी और योगी की डबल इंजन सरकार की वापसी हुई, दक्षिण में मोदी की लोकप्रियता में और इजाफा हुआ है। भाजपा की आक्रामक 'दक्षिण की ओर देखो' नीति फलदायी हो रही है। उनका नारा है–'पहले तेलंगाना, फिर तमिलनाडु।'

बहुत व्यवस्थित ढंग से हर महीने प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा सभी दक्षिणी राज्यों का दौरा कर रहे हैं, लेकिन सबसे ज्यादा जोर तेलंगाना पर है। यही कारण है कि के. चंद्रशेखर राव बौखला गए हैं और उत्तर भारत में भाजपा के जनाधार में सेंध लगाना चाहते हैं। विभिन्न दलों और उनकी विचारधारा में उत्तर भारत और दक्षिण भारत में अंतर है। दक्षिण भारतीय मतदाता मुख्यमंत्री के रूप में फिल्मी सितारों को देखते रहे हैं। लेकिन कोरोना के बाद मजबूत हुई डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने खासकर दक्षिण भारतीय छात्रों को मोदी और भाजपा का मुरीद बना दिया है। इसके अलावा, यूक्रेन युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र से दक्षिण के हजारों छात्रों को सुरक्षित वापस लाया गया।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अब जबकि ज्यादा समय नहीं है, सोशल मीडिया के जरिये भाजपा की पहुंच तेजी से बढ़ रही है। इसका श्रेय दूर–दराज के गांवों में फैले 5जी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क को जाता है।

इसलिए दक्षिण के राज्यों में आगामी लोकसभा चुनाव का प्रचार और मतदान अनोखा होगा। मोदी ने थोक भाव में दक्षिण के लोगों को पद्म पुरस्कार बांटे हैं। अपने मासिक 'मन की बात' में उन्होंने दक्षिण के सामान्य लोगों का परिचय दिया है और दक्षिण के मध्यवर्ग तक भी पहुंचे हैं। द्रमुक, टीआरएस, वाईएसआर जगन रेड्डी मोदी का मुकाबला करने में विफल हो रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं कि भाजपा और मोदी ने दक्षिण के युवाओं को आकर्षित किया है, जिसका लाभ 2024 में मिलने वाला है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## जारी हुआ "मैं भी शक्ति हूं–शक्तिस्वरूपा" का पोस्टर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, एवं नव अंशिका फॉउडेशन की ओर से शक्तिस्वरूपा सीजन–0. 2 सम्मान का आयोजन मंगलवार 18 अक्टूबर 2022 को गोमती नगर में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के स्थित संत गाडगे जी महाराज ऑडिटोरियम में वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश के 21 जिलों की महिलाओं को शक्तिस्वरूपा सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याती प्राप्त कथकगुरु सुरभि सिंह की वृहद परिकल्पना में नवदुर्गा के स्वरूपों पर शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा के नौ स्वरूपों पर कथक की प्रस्तुति भी होगी। इस मेगा इवेंट का पोस्टर "मैं भी हूं शक्ति....शक्तिस्वरूपा" 13 अक्टूबर को अकादमी परिसर में जारी किया गया। नव अंशिका फाउंडेशन की अध्यक्षा नीशू त्यागी ने बताया कि शक्तिस्वरूपा सीजन–0. 2 मेगा इवेंट में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के सचिव तरुण



राज, सुरभि सिंह विकास मिश्रा जयघोष संस्कृति विभाग के डिजिटल रेडियो के कन्वीनर दुर्गेश पाठक, भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व निर्देशक राहुल गुप्ता, कलाविद् अशोक बैनर्जी, , थिएटर एंड फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव दबीर सिद्धिकी, संस्कृति सेवा संस्थान के प्रमुख जगमोहन रावत, अनिल कुमार सहित अनीस नवाब, मोहम्मद बदर, बाबू सुंदर सिंह को आमंत्रित किया गया था।

## सीबीएसई वीर गाथा 2.0 में कृति पब्लिक स्कूल की श्रुति चयनित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। देशभर के सीबीएसई विद्यालयों में मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस के सौजन्य से आयोजित प्रोजेक्ट वीर गाथा 2.0 वेबिनार में भारतीय सेना के उच्च सम्मान से पुरस्कृत हमारे वीर जवान मेजर जनरल अजय सिंह चौहान, कर्नल आशुतोष काले और लेफ्टिनेंट जनरल वी पी ऐरी की पुत्री रितु पंडित एवं सीबीएसई के अधिकारियों के समक्ष अपने प्रश्न रखने के लिए कृति पब्लिक स्कूल भगवानपुर की कक्षा दस की छात्रा श्रुति सिंह चयनित हुई है जो कि देश भर से चुने हुए दस बच्चों में से एक है। विद्यालय परिवार क्षेत्र और प्रदेश की इस बड़ी उपलब्धि पर सभी को बधाई देता है। प्रधानाचार्या डा फरजाना शकील अली के संरक्षण में पिछले सात सालों से चल रहे उत्तम शिक्षा चरित्र निर्माण और अनुशासन के इस एकमात्र केंद्र कृति पब्लिक स्कूल ने कई कीर्तिमान बनाए हैं और शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित किए हैं।वीर गाथा वेबिनार के सम्बन्ध में प्रधानाचार्या कहती हैं कि बच्चों में अपनी सेना के वीरों और उनके उत्कृष्ट योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु बोर्ड द्वारा पिछले सत्र से आरंभ हुई यह



पहल अत्यंत प्रशंसनीय है और बच्चे बड़े उत्साह से विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्टर मेकिंग कविता पाठ निबंध जीवनी लेखन विडियो मेकिंग और पावरप्वाइंट प्रेसेंटेशन में भाग लेते हैं और उन्हें एक अच्छी प्रेरणा भी मिलती है। इस मौके पर प्रबंधक हिमांशु सिंह ने सभी स्टाफ बच्चों और उनके परिवारजनों को बधाई दी।

## प्रतिभा शाही चुनी गईं विनर : करवा चौथ स्पेशल कार्यक्रम आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय महिला दल आरएमडी के संयोजन में करवा चौथ स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोमती नगर हनीमैन चौराहा के निकट जेएमसी ग्रैंड रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थिति नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा सीता नेगी और नगर मंत्री भाजपा अनीता सिंह रही।जूरी मेंबर रीता सिंह, नीलम निगम और सुनीता पाण्डेय रहीं। कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति नामित पार्षद संतोष तेवतिया ने भी दी। कार्यक्रम का संयोजन विनीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। संस्थापक अध्यक्ष आरएमडी कार्यक्रम का कोआर्डिनेशन भारती द्विवेदी द्वारा किया गया। नगर से कोषा अध्यक्ष प्रियंका चक्रवर्ती ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सुंदर गीतों के साथ डांस और गेम्स आयोजित किया गया। संचालन मनीष पंडित द्वारा किया गया। नीलम मिश्रा




समेत कई महिलाएं पुरस्कृत की गई।नीलम मिश्रा, रेनू तिवारी , शालिनी श्रीवास्तव तरुणा श्रीवास्तव ,पिंकी उपाध्याय, कुसुम वर्मा . ,शालिनी सिंह, बीना वर्मा सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## नगर विकास मंत्री ए.के शर्मा ने की बाढ़ प्रभावित जिलों के बाढ़ राहत एवं प्रबंधन कार्यों की समीक्षा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के शर्मा ने बुधवार को प्रदेश में बाढ़ प्रभावित जिलों में बाढ़ राहत एवं प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित जिलों के नगर निकायों में राहत–बचाव व संचारी रोगों के निवारण के लिए जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। माननीय मंत्री जी ने जलभराव की स्थिति में पानी की बेहतर निकासी सुनिश्चित करने और जिन इलाकों से पानी निकल गया है वहां सफाई करके दवा का छिड़काव सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। मंत्री जी बुधवार को स्थानीय निकाय निदेशालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस दौरान बाढ़ प्रभावित जिलों के नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों (म्े) के साथ नगर विकास प्रतिनिधि जुड़े। नगर विकास मंत्री ए.के.शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रमुख सचिव अमृत अभिजात , विशेष सचिव सुनील कुमार चौधरी , निदेशक स्थानीय निकाय नेहा शर्मा के साथ अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के शर्मा ने अम्बेडकरनगर, अयोध्या, आजमगढ़, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, महाराजगंज, मऊ, गोंडा, संत कबीरनगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर समेत अन्य जिलों के नगर निकाय के प्रतिनिधियों से बात की। मंत्री जी ने सभी नगर निकायों की स्थितियों



का जायजा लिया। इस दौरान, राज्य के बरेली मंडल के प्रभारी मंत्री के रूप में मंडलायुक्त एवं मंडल के चारों जिलों के अधिकारियों के साथ वर्षा व जल भराव से उत्पन्न परिस्थितियों की समीक्षा की। ऊर्जा विभाग के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह निर्देश किए जारी मंत्री जी ने प्रदेश की सभी नगर निकायों को जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में पानी भरा है उसे वहां से पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। जलभराव की स्थिति के बाद संचारी रोग फैलने की आशंका रहती है। संचारी रोग न फैलें इसके लिए सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने एंटी लार्वा दवा का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगर निकायों को निर्देश दिए कि किसी भी मेनहोल का ढक्कन न खुला रह जाए। ऐसे में हादसे की आशंका बनी रहती है। मंत्री जी ने बाढ़ प्रभावित नगर निकायों में हेल्पलाइन नम्बर जारी करने का सुझाव दिया। इससे प्रभावित व्यक्ति सीधे मदद प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, उन्होंने जीर्ण शीर्ण मकानों और भवनों की स्थिति का जायजा लेने और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगर निकायों को गौशालाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। बैठक में ऊर्जा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। माननीय मंत्री जी ने प्रभावी इलाकों में जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल पहुंचकर मंत्री समूह करे राहत कार्यों को ˙ तेज –मुख्यमंत्री

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में पिछले कुछ दिनों में हुई अतिवृष्टि से उपजी परिस्थितियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए हैं कि मंत्री समूह अपने प्रभार वाले मंडलों/जनपदों में तत्काल दौरा कर राहत एवं बचाव के प्रयासों को और बेहतर बनाने में सहयोग करे। मुख्यमंत्री जी ने अतिवृष्टि से प्रभावित सभी जिलों में राहत एवं पुनर्वास कार्य तेज करने और एडीएम/जॉइंट मैजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में जनपदीय कंट्रोल रूम को 24×7 क्रियाशील रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत कुछ दिनों में अत्यधिक बरसात से जनजीवन, पशुधन और खेती–किसानी पर प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिला है। कई जनपदों में जन–धन हानि की सूचना मिली है। राज्य सरकार सभी प्रभावित जनों की सुरक्षा और भरण–पोषण के लिए आवश्यक प्रबंधा करने को प्रतिबद्ध है। अतिवृष्टि, आकाशीय विद्युत, सर्पदंश तथा डूबने से हुई जनहानि पर दुःख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री जी ने दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने तथा घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आमजन को तत्काल मदद पहुंचाई जाए। राहत पैकेट के वित्तरण में देरी न हो। राहत शिविरों में प्रकाश आदि के पर्याप्त प्रबंध होने चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह संवेदना और सहयोग का समय है। हमारी पूरी टीम को एकजुट होकर कार्य करे। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए हैं कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न जलजनित/मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार की आशंका होती है। साथ ही सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने की आशंका है। ऐसे में राहत शिविरों का समीप स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं। यहां एंटी वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता जरूर रहे। कृषि फसलों पर पड़े प्रभाव की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी जिलों में राजस्व और कृषि विभाग की टीम गहन सर्वेक्षण करते हुए नुकसान का आकलन करे। ताकि किसानों को क्षतिपूर्ति की जा सके। मुख्यमंत्री जी ने इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री जी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में पशुचारे का पर्याप्त प्रबन्ध किया जाए। वर्तमान में प्रदेश के 15 जनपदों में 1500 से अधिक गांवों की लगभग 25 लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। मुख्यमंत्री जी ने इन सभी बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य हेतु आवश्यकतानुसार NDRF/SDRF/PAC की टीमें तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान ने राप्ती और सरयू (घाघरा) खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मुख्यमंत्री जी ने नदियों के जलस्तर की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं।

## वाराणसी में फिर उफान पर गंगाः नावों के संचालन पर रोक : जलस्तर 66.58 मीटर तक पहुंचा : डरे–सहमे लोग

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में एक बार फिर गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। गंगा में फिर से नाव का संचालन बंद हो गया है। घाटों पर भी पुलिस ने अलर्ट जारी कर दिया है। लोगों को घाट के पास जाने से रोका जा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हो रही बरसात का असर अब बनारस में नजर आने लगा है। यमुना में बढ़ाव के कारण गंगा के जलस्तर में भी तेजी से बढ़ाव होने लगा है। हालत यह है कि बुधवार की शाम को एक बार फिर से बनारस के घाटों का आपसी संपर्क टूट गया था। गंगा के बढ़ते जलस्तर ने तटवासियों की चिंता फिर से बढ़ा दी है। सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध के मुताबिक मांझी समाज की सहमति से गंगा में नौका संचालन पर रोक लगाई गई है। बताया कि गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी के चलते एहतियातन कदम उठाया गया है। देव दीपावली से पहले जिला प्रशासन के इस निर्णय से नाविक समाज में निराशा है। केदारघाट निवासी मुकेष साहनी ने बताया कि गंगा के जलस्तर का हवाला देकर बार बार नाव को चलाने से रोक दिया जा रहा है। बताया कि नाव परिचालन से नाविक समाज का पेट पलता है। प्रशासन के निणय से परेशानी हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार जारी बाढ़ बुलेटिन के अनुसार मंगलवार की रात से गंगा के जलस्तर में बढ़ाव शुरू हुआ और बुधवार को सुबह आठ बजे जलस्तर 65.42 मीटर पहुंच गया। जो गुरुवार दोपहर तक 66.



58 मीटर पहुंच गया। गंगा में अचानक हुई बढ़ोत्तरी के कारण हरिश्चंद्र घाट पर बाबा मसाननाथ का मंदिर फिर से डूब गया है। बगल में स्थित चरण पादुका स्थल भी गंगा में समाहित हो चुका है लेकिन छत का हिस्सा बाकी है। हरिश्चंद्र घाट, लाली घाट, केदारघाट, दशाश्वमेध घाट, त्रिपुरा भैरवी, सिंधिया घाट से गणेश घाट जाने का रास्ता जलमग्न होने से आपसी संपर्क भी टूट गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घाटों की कई सीढ़ियां फिर से डूब गई हैं वहीं, उस पार रेत भी पूरी तरह से जलमग्न हो गई है। देव दीपावली की तैयारियों को झटका गंगा के जलस्तर में बढ़ाव के कारण पानी मटमैला हो गया है और पानी के साथ गंदगी भी बहकर आई है। पानी बढ़ने से देव दीपावली की तैयारियों को झटका लगा है। सात नवंबर को देव–दीपावली का आयोजन होना है और बाढ़ के बाद से अभी तक मिट्टी और गाद पूरी तरह से हटाए नहीं गए हैं। देव दीपावली से पहले घाटों और मंदिरों की साफ–सफाई की जानी है लेकिन बढ़ाव के कारण देव–दीपावली की तैयारी अभी तक शुरू नहीं हो पाई है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा मारा गया छापा

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना)आज मुखबिर की सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा अब्दुला नगर पिहानी स्थित गुप्ता ट्रेडर्स के यहां छापा मारा गया यहा पर अवैध रूप से खाद्य कारोबार संचालित होता पाया गया। कारोबारी से सरसों के तेल का एक नमूना, चाय पत्ती का एक नमूना, रस्क का एक नमूना मिसब्रांडेड नमकीन का एक नमूना, रिफाइंड सोयाबीन आयल का एक नमूना संग्रहित किया गया इस प्रकार कुल पांच नमूने संग्रहीत किये गये तथा लगभग 827 किलोग्राम सरसों का खुला तेल कीमत रू/–115780, 70 पैकेट नमकीन कीमत रू/–7000/, 155 गत्ते रस्क कीमत रु/–33408/ 21 केजी चाय कीमत रु/–2730/ सीज कर सील मोहर करके विक्रेता की अभिरक्षा में दिया गया इस प्रकार रु 158918/ के खाद्य पदार्थ नियमों के उल्लंघन के कारण सीज कर के विक्रेता की



अभिरक्षा में दिए गए। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य हरदोई सतीश कुमार व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरदोई अतुल कुमार पाठक के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुरुद्ध सिंह गंगवार, खुशीराम, अजीत सिंह व अनुराधा कुशवाहा शामिल रही।

## घर के पास मिला युवक का शवः परिवार में मचा कोहराम : दो महिलाओं समेत कई लोग हिरासत में : पूछताछ जारी

आजमगढ़ ब्यूरो : शहर के एलवल मुहल्ला निवासी दीपांशु चौधरी (19) की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। चौथे अभियुक्त की पत्नी व मां को भी पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मंगलवार की देर रात दीपांशु के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए देर रात आरोपियों को हिरासत में लिया। दीपांशु के पिता विजय चौधरी ने तहरीर में बताया कि हत्या में सौरभ यादव उर्फ निरहू पुत्र विंध्याचल यादव, राजीव यादव पुत्र मनोज यादव, गुड्डू शर्मा पुत्र गणेश शर्मा व अभिषेक उपाध्याय उर्फ निक्की पुत्र स्व. सुरेश उपाध्याय शामिल हैं। चार नामजद में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को हिरासत में लिया है। वहीं चौथे अभियुक्त की पत्नी व मां को भी पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उधर, पुलिस फोर्स की मौजूदगी में दीपांशु के शव का राजघाट पर अंतिम संस्कार किया गया। एलवल (धोबी गली) मुहल्ला निवासी दीपांशु चौधरी (19) पुत्र विजय चौधरी मंगलवार की देर शाम घर से कुछ दूरी पर स्थित एक हाता के पास संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से घायल हो गया था। सदर अस्पताल में दीपांशु की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस को घटना की जानकारी हुई। कई थानों की फोर्स के साथ ही एसपी भी मौके पर पहुंच गये। घटना स्थल का मुआयना करने के साथ ही दो महिलाओं समेत कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के साथ ही जांच की कवायद में पुलिस जुट गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव घर लाया गया तो माहौल गमगीन हो गया।

## प्राचार्य आलोक कुमार सिंह ने कॉलेज की व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त करने के लिए किया आकस्मिक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तिलकधारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने महाविद्यालय के विभिन्न संकायों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कला संकाय,विज्ञान संकाय,कृषि संकाय,वाणिज्य संकाय, शिक्षा संकाय में पठन–पाठन का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नव प्रवेशित सभी विद्यार्थी महाविद्यालय के निर्धारित गणवेश(ड्रेस) में आएं। अभी तक विद्यार्थियों को ड्रेस बनवाने के लिए मौका दिया गया था। अब यह अवधि समाप्त गई है। अब किसी भी छात्र को बिना ड्रेस के महाविद्यालय में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न कक्षाओं में जाकर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों ने कॉलेज का चक्रमण किया। इस दौरान बाहरी छात्रों को महाविद्यालय कैंपस से बाहर किया गया और चेतावनी दी गई अगर दोबारा वह कैंपस में पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए कटिबद्ध है।इसमें



किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। छात्र महाविद्यालय की पूँजी और देश का वर्तमान तथा भविष्य हैं। इसलिए उनके पठन–पाठन की उत्तम से उत्तम व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्र महाविद्यालय का सहयोग करें और महाविद्यालय उन्हें अधिकतम सुविधाएं एवं पठन–पाठन का माहौल उपलब्ध कराएगा। चीफ प्राक्टर प्रोफेसर राजीव रतन सिंह के नेतृत्व में प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों ने कॉलेज के गेट पर सघन तलाशी लिया। छात्रों का ड्रेस एवं शुल्क रसीद जांचने के बाद ही अंदर जाने दिया गया।

## एरियर भुगतान सहित शिक्षकों की लबिंत समस्याओं के लिए संगठन ने दिया ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में संगठन का प्रतिनिधिमंडल वित्त एंव लेखाधिकारी जौनपुर दीपक सिंह से मिलकर अंतर्जनपदीय शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान सहित चार सूत्रीय समस्याओं के निस्तारण हेतु ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने लेखाधिकारी से मांग की कि दूसरे जनपदों से स्थानांतरित होकर लगभग 159 शिक्षक यहाँ आये हैं जिनका ढाई महीने का वेतन भुगतान बकाया है। इन सभी शिक्षकों का सामुहिक रुप से एरियर भुगतान सुनिश्चित किया जाए जिससे उनको ऑफिस का चक्कर न लगाना पड़े।लेखाधिकारी से मांग किया गया कि ऑफिस में एक रजिस्टर मेंटेन किया जाए जिससे कि शिक्षकों के एरियर भुगतान सम्बंधित पत्रवली पर नम्बरिंग करते हुए सम्बंधित को रिसीविंग उपलब्ध कराया जा सके जिससे सम्बंधित पटल द्वारा फाइल खोने की बहानेबाजी न की जा सके। शिक्षकों के एनपीएस खाते में कटौती के हिसाब से सरकार के अंश को अद्यतन स्थानांतरित किया जाए। वित्त एंव लेखाधिकारी ने प्रतिनिधि



मण्डल को आश्वस्त किया कि संगठन द्वारा ज्ञापन के माध्यम से जो भी शिक्षक समस्याओं को प्रस्तुत किया गया है उन सभी का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाएगा और जल्द ही इससे सम्बंधित पत्र निर्गत किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मंत्री सतीश पाठक, जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना सिंह, नूपुर श्रीवास्तव, बक्सा अध्यक्ष सरोज सिंह, मड़ियाहूं अध्यक्ष विशाल सिंह, शशांक मिश्रा रुचि पांडे मुन्ना लाल यादव स्वतंत्र कुमार अश्वनी राय इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु कुल 02 वांछित व 07 वांरटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत समस्त क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 02 वांछित व 07 वांरटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न है–

1.थाना सिकरारा पुलिस द्वारा एसटी न0–385/2022 धारा–323/504 भादवी व एसटी न0–293/2022 थाना सिकरारा धारा–323/504 भादवि थाना सिकरारा से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. मनोज पुत्र समरदेव नि0 कसनही थाना सिकारारा जनपद जौनपुर 2. पोपट यादव पुत्र धर्मू यादव नि0 कसनही थाना सिकारारा जनपद जौनपुर को घर से नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर के मा0 न्यायालय भेजा गया।

2.थाना केराकत पुलिस द्वारा वारांटी 1.वंशी पुत्र संतेराम उर्फ सत्यदेव नि0 देवाकलपुर थाना केराकत जौनपुर 2.रतन पुत्र जगन्नाथ उर्फ रामसमुझ नि0 उपरोक्त सम्बंधित मु0नं0 976/20 धारा 323/504 भा0द0वि 3.मोनू पुत्र छोटेलाल नि0 उपरोक्त सम्बंधित मु0नं0–102/22 धारा–323/504 भा0द0वि0 को आज दिनांक–12.10.22 सुबह ग्राम देवाकलपुर से गिरफ्तार कर चालान सम्बन्धित माननीय न्यायालय किया गया।

3.थाना सरायख्वाजा पुलिस द्वारा 02 नफर वारांटी सम्बन्धित मु0अ0सं0–147/21 धारा–393 भादवि के अभियुक्त तेजू बिन्द पुत्र बेचन निवासी सम्दहा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर व मु0अ0सं0 322/22 धारा 323/504 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर के अभियुक्त राजपति पुत्र शंकर निवासी कोईरीडीहा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

4.थाना सरायख्वाजा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–151/2022 धारा–147/504/452/307 भादवि में वाछिंत अभियुक्त चन्दन यादव पुत्र रामसिंगार यादव निवासी मीरापुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा गया

5.थाना सिंगरामऊ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–84/22 धारा–323/354(ख),452 आईपीसी व 7/8 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सौरभ गुप्ता पुत्र मुन्नीलाल गुप्ता निवासी रतासी थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर को कुसहां बाजार स्थित दुकान के पास से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय भेजा गया।

## थाना केराकत पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा–निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 शिवप्रसाद पाण्डेय मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–384/22 धारा–356/411 भादवि0 से प्रकाश में लाये गये वांछित अभियुक्त मिथुन पुत्र गब्बू लोना निवासी रेहारी थाना चन्दवक जौनपुर को मय छीने गये सोने के मंगलसूत्र के साथ आज दिनांक 13.10.2022 को सरायबीरु से गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया। गिरफ्तार



अभियुक्त–1.मिथुन पुत्र गब्बू लोना निवासी रेहारी थाना चन्दवक जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0–384/22 धारा–356/411 भा0द0वि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1.उ0नि0 शिवप्रसाद पाण्डेय थाना केराकत जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 जयप्रकाश यादव थाना केराकत जौनपुर। 3.का0 भुपेष कुमार थाना केराकत जौनपुर।

## पूर्व सीएम के निधन पर बाजार रहा बंद



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : करंजाकला के कोठवार बाजार मे पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया ।इसके बाद आसपास के सभी बाजार बंद रहे । बता दें कि कोठवार बाजार मे सपा के वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले की अध्यक्षता में शोक सभा हुई। कोटवार बाजार के चौराहे पर उनके चित्र पर लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और सभा को संबोधित करते हुए लालचंद यादव लाले ने कहा कि वह एक कुशल राजनीतिक सभी वर्गो के लोगों के नेता थे। व्यक्तिगत संबंधों को बहुत निभाते थे। उनकी सभी दल के नेताओं से मधुर संबंध भी रहे हैं और प्रदेश के विकास के लिए उन्होंने बहुत कुछ किया है। इस अवसर पर राजेश प्रजापति ,सिकंदर यादव, प्रकाश यादव, दिनेश यादव, नीलू, जितेंद्र यादव ,प्रमोद प्रजापति ,डॉ सुभाष, उमानाथ पांडे, रामबचन, पलटू राम, अवधा यादव, मिठाई लाल, इंद्राज रामहित मनोज उपस्थित रहे।

## थाना केराकत पुलिस द्वारा 75 ग्राम अवैध नशीला पाउडर के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में थाना केराकत पुलिस द्वारा प्र0नि0 केराकत संजय वर्मा के नेतृत्व में उदयचंदपुर पुल के पास से अभिषेक निषाद पुत्र विनोद निषाद निवासी गुलराघाट बम्बावन थाना केराकत जनपद जौनपुर को 75 ग्राम नाजायज नशीला पाउडर के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0–382/22 धारा–8/22 एनडीपीएस एक्ट बनाम अभिषेक निषाद उपरोक्त के पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त–1.अभिषेक निषाद पुत्र विनोद निषाद निवासी गुलराघाट बम्बावन थाना केराकत जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0–11/20 धारा–323/504 भा0द0वि0 थाना केराकत जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–70/20 धारा–323/504 भा0द0वि0 व 3(1) द,ध एससी एसटी एक्ट। 3.मु0अ0सं0–236/21 धारा–323/325/504/506 भा0द0वि0। 4. मु0अ0सं0–365/21 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना केराकत जौनपुर। 5. मु0अ0सं0–382/22 धारा–8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1.श्री संजय वर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना केराकत जौनपुर। 2.उ0नि0 रोहित कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी थानागद्दी थाना केराकत जौनपुर। 3.हे0का0 मिथिलेश कुमार सिंह, थाना केराकत जनपद जौनपुर। 4. का0 लल्लन सिंह, थाना केराकत जनपद जौनपुर।

## अपर पुलिस अधीक्षक नगर, जौनपुर ने थाना जफराबाद का किया अर्द्ध–वार्षिक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक–12.10.2022 को डा0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना जफराबाद जौनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना कार्यालय के अभिलेखों के रख–रखाव एवं प्रविष्टियों को अद्यावधिक कराये जाने के साथ–साथ सक्रिय



अपराधियों/दुराचारियों आदि अपराधियों की प्रभावी चेकिंग कराये जाने, शस्त्रों की साफ–सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। थाना पर नियुक्त आ0 को शस्त्र अभ्यास हेतु पुरस्कृत किया गया। थाना प्रभारी/अधिकारी/कर्मचारीगण से कार्यों की जानकारी लेते हुए लम्बित कार्य को तत्काल पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना जफराबाद, जौनपुर पर नियुक्त निरीक्षक/उ0नि0 स्तर के अधिकारीगण को विवेचनाओं के त्वरित विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारियों को चेतावनी दी गई व उनको स्पष्टीकरण जारी किया गया।

## शालीमार ज्वैलर्स ने आयोजित की मेहंदी एवं चाट पार्टी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर में स्थापित शालीमार ज्वैलर्स ने मेहंदी एवं चाट पार्टी आयोजित की, जिसमें इनर व्हील क्लब ऑफ लखनऊ से जुड़ी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शालीमार ज्वेलर्स गोमती नगर की डायरेक्टर राधिका गोयल ने धनतेरस स्पेशल ऑफर्स की




घोषणा करते हुए कहा कि मेकिंग चार्ज पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है एवं डायमंड ज्वेलरी पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। सोने की खरीद से पहले मशीन से उसकी शुद्धता जांचने की सुविधा भी उपलब्ध है। राधिका गोयल ने कहा कि करवा चौथ के अवसर पर मेहंदी एवं चाट पार्टी का आयोजन किया गया तथा ज्वेलरी पर विशेष ऑफर्स दिए गए। क्वालिटी, वैरायटी एवं मूल्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर राकेश गोयल एवं शोभित गोयल भी उपस्थित रहे।

## थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा आलाकत्ल एक देशी पिस्टल 9 .एमएम व एक मोबाइल किया बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में विवेचक विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा मु0अ0सं0–38/2022 धारा–307/302/504/120 बी भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त आकाश यादव उर्फ राजू यादव पुत्र सूर्यबली यादव निवासी रामनगर थाना नेवढिया जनपद जौनपुर जो मु0अ0सं0–900/22 धारा 381/34 भादवि थाना गोरेगाँव पश्चिम मुम्बई में दिनांक 08.09.2022 को गिरफ्तार होकर न्यायिक अभिरक्षा में था जिसको मा0 न्यायालय सीजेएम महोदय जौनपुर से वारण्ट बी प्राप्त कर गार्द की अभिरक्षा मे थाने जेल/तलोजा जेल मुम्बई महाराष्ट्र से लाकर दिनांक 29.09.2022 को मा0 न्यायालय सीजेएम महोदय जौनपुर के समक्ष प्रस्तुत कर अभियुक्त उपरोक्त का रिमाण्ड प्राप्त कर जिला कारागार जौनपुर दाखिल किया गया व मा0 न्यायालय सीजेएम महोदय से आवेदन कर अभियुक्त उपरोक्त का पुलिस कस्टडी रिमाण्ड प्राप्त किया गया आज दिनांक 12.10.2022 को अभियुक्त उपरोक्त को पुलिस कस्टडी रिमाण्ड पर जिला कारागार जौनपुर से निकालकर पूछताछ किया गया तो अभियुक्त के द्वारा मु0अ0सं0 38/22 धारा 307/302/504/120बी भादवि मे घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक देशी पिस्टल 9 .डड व एक मोबाइल रेडमी को मुक्तिधाम जवन्सीपुर पार्क के उत्तर दिशा ईट की ढेर से अभियुक्त के निशानदेही पर बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध मे नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्त का विवरण– 1.आकाश यादव उर्फ राजू यादव पुत्र सूर्यबली यादव निवासी रामनगर थाना नेवढिया जनपद जौनपुर।



पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0 38/22 धारा 307/302/504/120बी भादवि थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0–38/22 धारा–307/302/504/120बी भादवि थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–239/09 धारा–307 भादवि थाना शिवपुर वाराणसी। 3.मु0अ0सं0–274/09 धारा–307 भादवि थाना आदमपुर वाराणसी । 4.मु0अ0सं0–275/09 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना आदमपुर वाराणसी । 5.मु0अ0सं0–373/09 धारा–307/394/411 भावदि थाना बडागाँव वाराणसी । 6.मु0अ0सं0–343/13 धारा–384/386/506 भादवि थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर । 7. मु0अ0सं0–125/22 धारा–174ए भादवि थाना नेवढिया जौनपुर। 8. मु0अ0सं0–154/14 धारा–395/397/363/362भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना क्राइमब्रान्च यूनिट मुम्बई। 9.मु0अ0सं0 900/22 धारा–381/34 भादवि थाना गोरेगाँव मुम्बई बरामदगी का विवरण– एक देशी पिस्टल 9.डड आलाकत्ल , व एक मोबाइल बरामदगी करने वाली टीम– 1.श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना नेवढिया जौनपुर। 2.उ0नि0 सुदर्शन यादव, थाना नेवढिया जौनपुर। 3.हे0का0 सुरेश सिंह, हे0का0 राजेश राय, हे0का0 महेश सिंह, हे0का0 जयप्रकाश सिंह, का0 मन्टू कुमार सिंह, का0 मनीष कुमार यादव, का0 विष्णुशरण तिवारी थाना नेवढिया जौनपुर।

## भगवान राम और सीता के पोशाक को लेकर जौनपुर दीवानी न्यायालय में फिल्म निर्माता सहित अभिनेताओ पर परिवाद दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आदिपुरुष फिल्म के निर्माता ओम राउत, अभिनेता प्रभास, सैफ अली खान समेत पांच पर दीवानी न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने परिवाद दर्ज किया। कोर्ट ने परिवादी के बयान के लिए 27 अक्टूबर तिथि नियत की है। दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता उपेंद्र विक्रम सिंह ने कोर्ट में परिवाद दायर किया कि पांच अक्टूबर 2022 को फिल्म आदिपुरुष का टीजर रिलीज हुआ। फिल्म के निर्देशक ओम राउत हैं। अभिनेता प्रभास राम की भूमिका में, अभिनेत्री कृति सेनन सीता की भूमिका में, सैफ अली खान रावण की भूमिका में व देवदत्त गजानन नागे हनुमान की भूमिका में है। टीजर में भगवान राम एवं सीता को अशोभनीय पोशाक में दिखाया गया है। सैफ अली खान ने वक्तव्य दिया है कि फिल्म के माध्यम से वे रावण के कृत्य को जायज ठहराएंगे। फिल्म में रावण की वेशभूषा अत्यंत अशोभनीय है। हनुमानजी को चमड़े का वस्त्र पहने दिखाया गया है। परिवादी के अलावा शैलेश मिश्र, निलेश निषाद, मानसिंह, प्रमोद सिंह, रवि प्रकाश पाल आदि ने इंटरनेट मीडिया पर फिल्म का टीजर देखा व सुना। इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई। टीजर में घोषणा की गई कि यह फिल्म महर्षि वाल्मीकि की रामायण पर आधारित है, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। टीजर देखने पर हम सभी के आस्था पर कुठाराघात हुआ है और धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। जानबूझकर देवी देवताओं का मजाक फिल्म के माध्यम से उड़ाया गया है। देश की एकता, अखंडता प्रभावित हो रही है। टीआरपी बढ़ाने और



अधिक मुनाफा कमाने के लिए देश का माहौल खराब किया जा रहा है। दोषियों को विभिन्न धाराओं में तलब कर दंडित करने की मांग की गई। आदिपुरुष को इसके वीएफएक्स और किरदारों के लुक को लेकर ट्रोल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स 'रावण' के लुक का खासकर मजाक उड़ा रहे हैं। कई लोगों का कहना यह भी है कि फिल्म में जिस तरह से वीएफएक्स दिखाया जाने वाला है, वह खराब नजर आएगा। हालांकि, फिल्म के निर्देशक ओम राउत ने सफाई पेश करते हुए कहा कि यह फिल्म बड़े पर्दे पर जबतक आप नहीं देखेंगे, आपकी सोच नहीं बदलेगी। आदिपुरुष का जो टीजर 2 अक्टबूर को रिलीज हुआ था, उसमें भगवान राम के किरदार में में प्रभास, रावण के रोल में सैफ अली खान और माता सीता की भूमिका में कृति सेनन की झलक दिखाई गई है।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधिमंडल नवनियुक्त प्रमुख सचिव से भेंट कर उनका किया स्वागत

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधिमंडल नवनियुक्त प्रमुख सचिव श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा से भेंट कर उनका स्वागत किया। स्वास्थ्य विभाग के पैरामेडिकल स्टाफ की समस्याएं रखी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल आज प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल में श्री सुरेश रावत अध्यक्ष, अतुल मिश्रा महामंत्री एवं गिरीश चंद्र मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष थे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा एवं इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वी पी मिश्रा ने किया। परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने पैरामेडिकल कर्मचारी संगठनों की समस्याएं उनके समक्ष रखी ।जिसमें मुख्य रूप से कार्मिक विभाग उ प्र शासन द्वारा जारी स्थानांतरण नीति 2022–2023 के विरुद्ध महानिदेशालय द्वारा किए गए स्थानांतरण को निरस्त करने एवं पैरामेडिकल कर्मचारियों के वेतन विसंगतिया एवं सेवा नियमावली पदोन्नति का प्रकरण शामिल था। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने कहा कि वे जल्द ही पैरामेडिकल संगठनों के पदाधिकारियों से भेंट कर उनकी समस्याओं का समाधान उनके पक्ष में करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गलत स्थानांतरण के बारे में माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी के प्रस्ताव रखकर अनुमोदन कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समस्त कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने से उनका मनोबल बढ़ेगा और चिकित्सालय की व्यवस्था सुधारने में एवं मरीजों की देखभाल में पूरी निष्ठा एवं लगन से कार्य करेंगे।

## उद्यान विभाग से नगद मूल्य पर किसानों को मिलेगा आधारित आलू बीज

जौनपुर सू.वि. : जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि उद्यान विभाग जौनपुर द्वारा 300 कुंतल आधारित आलू बीज का मांग किया गया है जिसे नगद मूल्य पर वरीयता प्रथम आवक प्रथम पावक की क्रम में आलू बीज देय होगा। इच्छुक कृषक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी ले सकते हैं। आलू बीज श्रेणी के आधार पर विक्रय मूल्य निर्धारित की गयी है जिसमें आधारित प्रथम रुपया 3475 प्रति कुंतल की दर, आधारित द्वितीय आलू बीज रुपया 2535 प्रति कुंतल की दर, ओवरसाइज आधारित प्रथम रु0 2575 एवं ओवरसाइज आधारित प्रथम बीज 2515 रुपए प्रति कुंतल की दर से दी जाएंगी। सफेद एवं लाल आलू बीज प्रजातियों की विक्रय दर एक समान हैं। उन्होंने अवगत कराया कि किसी भी प्रकार की जिज्ञासा दूरभाष संख्या 8795019712 से प्राप्त कर सकते हैं।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड का चहुंमुखी विकास करना पार्षद जगत नारायण यादव की मुख्य प्राथमिकता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या नगर निगम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में अधूरे कार्य को पूरा करना व उसका चहुंमुखी विकास करना वर्तमान समय में सपा पार्षद जगत नारायण यादव की प्रथम प्राथमिकता होगी।एक खास मुलाकात में अयोध्या नगर निगम के श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड के सपा पार्षद जगत नारायण यादव ने बताया कि यहां की जनता ने एक मुझे इस वार्ड में कार्य करने का दायित्व सौंपा।जिस पर हमने किसी भी तरह का कार्य करने से पीछे नहीं हटे।इस मुलाकात में सपा पार्षद जगत नारायण यादव ने बताया कि जब श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के सम्मानित जनता ने मुझे पार्षद के रुप में 1दिसंबर वर्ष 2017 में चुना तो हमारे सामने सफाई, सड़क व जल निकासी की प्रमुख समस्या दिखाई दे रही थी।इस मौके पर उन्होंने बताया कि इस वार्ड में केवटहिया,चेला छावनी, अश्विनीपुरम कालोनी, वजीरगंज आंशिक, गांधी नगर, एकता पुरम कालोनी शामिल रही।जिसमें अश्वनीपुरम कालोनी व चेला छावनी मुहल्ले में मुख्य समस्या नाला की रही।जो एक गंभीर समस्या बनी हुई थी।जिसे हल करना प्रमुख प्राथमिकता थी जिसे काफी संघर्ष के बाद पिछले साल हल किया गया।इस मुलाकात में उन्होंने बताया कि इस बार परिसीमन में इस वार्ड में सरस्वती पुरम कालोनी, धनीराम का पुरवा मुहल्ले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अगर इस बार श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड की सम्मानित जनता दुबारा हमें इस वार्ड




का पार्षद चुनती हैं तो सबसे पहले जो छूटे हुए कार्य है उसे पूरा कराया जायेगा।इसके अलावा उन्होंने बताया कि इस वार्ड के परिसीमन में जो नये मुहल्ले शामिल हैं जिसमें खासकर सरस्वती पुरम कालोनी, धनीराम का पुरवा में पिछले दस सालों से जल निकासी,जल भराव की गंभीर समस्या बनी हुई है।जिसे हल करना प्रमुख प्राथमिकता होगी।सपा पार्षद जगत नारायण यादव ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में जितना हो सका उतना कार्य किया। इसके अलावा कोविड काल में उन्होंने जनता की तन मन व धन से यथासंभव मदद किया। इस दौरान उन्होंने अपनी ओर से भी लोगों को राशन किट प्रदान किया। कुल मिलाकर उन्होंने बताया कि अगर जनता हमे दुबारा इस वार्ड से पार्षद के रुप में चुनती है तो हम उन्हें शिकायत का कोई मौका नहीं देंगे।

## कोतवाली नगर क्षेत्र में नीलामी के अभाव में जंग खा रहे दोपहिया वाहन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय जिले के कोतवाली नगर परिसर में नीलामी के अभाव में 50 से अधिक दो पहिया वाहन जंग खाते हुए दिखाई दे रहे हैं।इसमें ज्यादातर दो पहिया वाहनों की नीलामी इसलिये नहीं हो पा रही है कि इसमें बहुत से या तो आपराधिक घटनाओं में शामिल हैं या फिर सड़क दुघर्टना से संबंधित है।वही पिछले दिनों कोतवाली नगर परिसर में निरीक्षण करने पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ने वहां पर भारी संख्या में नीलामी के अभाव में मौजूद दो पहिया वाहनों को तत्काल कानूनी कार्रवाई कर इसे यहां से हटाने का दिशा निर्देश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया था।इस दौरान उन्होंने कहा था कि यहां पर भारी संख्या में नीलामी के अभाव में खड़े दो पहिया वाहनों से और भी कम जगह कोतवाली नगर परिसर में है।जिससे यहां पर जगह की कमी साफ साफ दिखाई दे रही है।वही इस संबंध में कोतवाली नगर क्षेत्र में तैनात एक अधिकारी ने बताया इस संबंध में बीच–बीच में वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किया जाता है कि यहां पर नीलामी के लिए खड़े वाहनों के स्वामियों को नोटिस जारी कर पत्राचार के माध्यम से कोर्ट से उक्त वाहन से संबंधित रिलीज आदेश को लेकर अपने अपने वाहनों को ले जाएं।अगर देखा जाए तोः इस समय



अयोध्या जनपद के इस समय 50 से अधिक दो पहिया वाहनों के नीलामी ना होने के चलते कोतवाली नगर परिसर में जंग खा रही है। वही इस संबंध में कोतवाली नगर क्षेत्र में तैनात एक अधिकारी ने बताया कि आबकारी अधिनियम के तहत 186 व 70 वाहनों से संबंधित समस्याओ का निस्तारण अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन के दिशा निर्देश पर किया गया। वही इसके अलावा 164 वाहन स्वामियों को कोतवाली परिसर में पड़े वाहनों के रिलीज कराने हेतु नोटिस जारी किया गया है। वही आरटीओ के यहां से मूल्यांकन कर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## दीपोत्सव से पहले अयोध्या की सड़कों पर एक भी गड्ढा न रहे : योगी आदित्यनाथ

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को रामकथा संग्रहालय में दीपोत्सव को लेकर समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बार का दीपोत्सव पिछले वर्षों की तुलना में और भव्य–दिव्य होना चाहिए। इसमें प्रमुख सचिव पर्यटन ने कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया।इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव को लेकर लोगो भी जारी किया।इसके साथ ही दीपोत्सव से पहले अयोध्या की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समय रहते दीपोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली जाएं। इस बार का दीपोत्सव हर वर्ष से और भव्य–दिव्य हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होनी चाहिए। सिपाहियों की ड्यूटी भी 8–8 घंटे की ही लगाई जाए। इनके खाने पीने की व्यवस्था किया जाए। अनुशासन का हर हाल में ध्यान रखा जाए। बिजली व्यवस्था दुरुस्त हो। सीएम ने निर्देश दिए कि जिले में जहां भी सड़कों पर गड्ढे हैं, दीपोत्सव से पहले उन्हें ठीक कर लिए जाएं। बाहर से जो भी आगंतुक आएं, उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।वही इसी कड़ी में नोडल अधिकारी डॉ. अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अब तक हमारे पास 12 लाख दिए आ चुके हैं। जिन्हें राम की पैड़ी घाट पर रखा गया है। बैठक में जनप्रतिनिधियों समेत कई आलाधिकारी भी मौजूद रहे।

## अयोध्या मेयर चुनाव की तैयारी में जुटे भाजपा नेता शरद पाठक के घर पर हमला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बुधवार को सपरिवार हत्या करने की साजिश को लेकर अज्ञात सियासत कर रहे लोगों पर पर इस बार अयोध्या नगर निगम से चुनाव की तैयारी में जुटे भाजपा नेता शरद पाठक बाबा ने गंभीर आरोप लगाया।भाजपा नेता शरद पाठक ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके ऊपर दो बार हमलेध करने की कोशिश की गई है।जिसकी तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई है। उन्होंने बताया कि ट्रक से हुए हमले में उनकी दो स्कॉर्पियो व एक कार के अलावा घर का बाहरी हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है।भाजपा नेता शरद पाठक के अनुसार चुनाव में बढ़ती लोकप्रियता देखकर उनके ऊपर हमला करवाने की हमलावरों की साजिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत सुरक्षा कर्मियों और स्थानीयो लोगों की सक्रियता के चलते हम और हमारे परिवार की जान बच गई। मालूम हो कि यह घटना कोतवाली अयोध्या क्षेत्र अन्तर्गत देवकाली बाई पास के समीप अम्बेडकरनगर मार्ग स्थित बने भाजपा नेता शरद पाठक बाबा के आवास पर हुई।

# सारनाथ में पुरातत्व विभाग का टिकट काउंटर बंद : मायूस होकर लौट रहे पर्यटक

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी स्थित अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल सारनाथ में पुरातत्व विभाग का टिकट काउंटर बंद होने से पर्यटक मायूस होकर लौट रहे हैं। नेट का सर्वर डाउन होने से घूमने आए लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देश के कई जगहों से आए पर्यटकों को बिना देखे ही लौटना पड़ रहा है। भगवान बुद्ध की नगरी सारनाथ में पर्यटकों का आवागमन बाकी दिनों के मुकाबले अब ज्यादा देखने को मिल रहा है। सारनाथ में पर्यटकों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने ऑनलाइन टिकट लेकर भ्रमण की व्यवस्था की है। लेकिन पिछले दो दिनों से सर्वर डाउन होने के कारण बारकोड स्कैनर प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर रहा है। पर्यटकों व कर्मचारी के बीच नोकझोंक की नौबत टिकट न मिल पाने से परेशान पर्यटक ऐतिहासिक स्थलों को बिना देखे अपने गंतव्य को मायूस होकर लौट रहे हैं। ई–टिकट स्कैन करने के बाद भुगतान कट जा रहा है और टिकट जनरेट नहीं हो रहा है। जिसे लेकर पुरातात्विक खंडहर परिसर गेट पर पुरातात्विक कर्मियों व पर्यटकों के बीच नोकझोंक की नौबत तक आ जा रही है। गुरुवार को टिकट काउंटर खुला। पर्यटक काउंटर के सामने




कतारबद्ध खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे लेकिन काफी देर तक टिकट नहीं दिया गया। थोड़ी देर बाद विभागीय कर्मचारी काउंटर बंद कर यह कहते हुए निकल गए कि सर्वर काम नहीं कर रहा है। पर्यटक रोहित ने कहा कि हम दूर दराज से पैसा लगाकर यहां घूमने आते हैं लेकिन यहां पर कोई भी उत्तरदायित्व लेने को तैयार नहीं है। यह भी कोई बताने वाला नहीं है कि टिकट मिलेगा भी या नहीं। आजमगढ़ से परिवार संग आए आकिब अली ने बताया कि बारकोड स्कैन नहीं होने से पुरातात्विक खंडहर परिसर व पुरातात्विक संग्रहालय नहीं घूम सका। नेट का सर्वर डाउन होने की वजह से ऑनलाइन प्रवेश टिकट नहीं मिल पाया।

# कोरोना काल से बंद पैसेंजर ट्रेन चलने की कोई कोई संभावना नहीं – शिव पूजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोरोना काल में बंद इस रुट से संचालित सभी यात्री ट्रेनों के आगे चलने की कोई संभावना नहीं है।इधर से जितनी भी ट्रेनों का संचालन हो रहा है वह सभी ट्रेनें मेल, एक्सप्रेस व सुपर फास्ट के रूप में संचालित हो रही है।यह बातें अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर शिव पूजन ने एक मुलाकात में कहीं। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोरोना काल में अब तक इधर से बंद रही पैसेंजर ट्रेनों की चलने की कोई संभावना नहीं है।जो भी ट्रेनों को इधर से संचालित किया जा रहा है वो चाहे पैसेंजर ट्रेन क्यों न रही हो उसमें जीरो बढ़ा कर एक्सप्रेस या मेल के रूप में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हा रेलयात्रियों के लिए इतना जरूर सहूलियत किया गया है कि अब वे सभी जनरल डिब्बे में जनरल टिकट से अपने गंतव्य स्थान पर जा सकते है।इसके लिए उन्हें जनरल टिकट लेकर जनरल कोच में यात्रा करना होगा। मालूम हो कि इसके पहले रेलयात्रियों को ट्रेन से सफर करने के लिये आरक्षण कराना होता था चाहे यात्रा क्यों न जनरल कोच में रेलयात्री कर रहे हो। लेकिन अब सहूलियत यह हो गई है कि अब जनरल टिकट पर जनरल कोच में रेलयात्री यात्रा कर सकते हैं।फिलहाल इस समय सबसे अधिक परेशानी उन रेलयात्रियों को हो रही है जिन्हें कम दूरी तय करनी होती है।कोरोना काल से पहले पैसेंजर ट्रेन



के संचालित होने से लोग इस रुट पर कम दूरी वाले छोटे छोटे रेलवे स्टेशन पर उतर कर अपनी यात्रा पूरी कर लेते थे।परंतु कोरोना काल से बंद पड़े पैसेंजर ट्रेनों के चलते अब इन रेल यात्रियों को बस,जीप आदि सड़क मार्ग से आने जाने वाले साधनो का सहारा लेना पड़ता है।जिससे लोगों का धन व समय अधिक लगता है। कुल मिलाकर अब इस रुट से पैसेंजर ट्रेनों के संचालन के अभाव में कम दूरी तय करने वाले लोगों को काफी सामना करना पड़ रहा है।वही इस रेलवे स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर शिव पूजन का कहना है कि कोरोना काल से बंद पड़े पैसेंजर ट्रेनों का संचालन अब असंभव है।जो पैसेंजर ट्रेनों का संचालन पहले इधर से होता था उस ट्रेन के नंबर में जीरो बढ़ा कर एक्सप्रेस व मेल के रूप में चलाया जा रहा है।

## तीन सीओ सहित एक निरीक्षक व दो उप निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने तीन सीओ सहित एक निरीक्षक व दो उप निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया।पुलिस मीडिया सेल अयोध्या के मुताबिक उन्होंने सीओ आशुतोष मिश्र को क्षेत्राधिकारी रुदौली,सीओ संदीप कुमार सिंह को क्षेत्राधिकारी बीकापुर व बीकापुर में रहे सीओ प्रमोद कुमार यादव को क्षेत्राधिकारी यातायात की जिम्मेदारी सौंपी।वही फेरबदल के इसी कड़ी में उन्होंने निरीक्षक रतन सिंह को थाना प्रभारी तारुन का दायित्व सौंपा जबकि वहां पर थाना प्रभारी तारुन रहे आशीष कुमार राय को वाचक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व उप निरीक्षक प्रमोद कुमार को थाना रुदौली भेजा।

## स्वरोजगार युक्त बनाये जाने हेतु दिया जायेगा सामुहिक प्रशिक्षण

जौनपुर सू.वि. : उपयुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने अवगत कराया है कि वर्ष 2022–23 में अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों को स्वरोजगार युक्त बनाये जाने हेतु सामुहिक प्रशिक्षण दिया जाना है। इस योजना के अन्तर्गत 04 माह का द्वितीय बैच (45 अभ्यर्थियों) का प्रशिक्षण तथा अन्य पिछडा वर्ग के व्यक्तियों के लिये एक सत्र (37 अभ्यर्थियों) का प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसमें एक माह का सैद्धान्तिक एवं 03 माह का ब्यवहारिक प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान रू0 1250.00 प्रतिमाह अभ्यर्थियों को मानदेय के रूप में दिया जायेगा। अतः इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र www-diupmsme-upsidc-gov-in पोर्टल पर आन–लाइन आवेदन 18 अक्टूबर 2022 तक कर सकते है। आन लाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तिथि प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बाद में दी जायेगी।

# सिरकोनी ब्लाक अंतर्गत गोपीपुर रामलीला में किरदारों द्वारा किया गया भव्य मंचन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिरकोनी ब्लाक के अंतर्गत गोपीपुर गांव में 175 वर्ष से हो रही ऐतिहासिक बुढ़वा बाबा रामलीला समिति के तत्वाधान में बुधवार की रात की रामलीला में रामकेवट संवाद, सीता हरण लीला का भाव पूर्ण मंचन हुआ। रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उत्तम गुप्ता व अमरेश रतन सिंह रगीले ने सयुक्त रूप से फीता काटकर व विशिष्ट अतिथि स्वर्ण व्यवसाई सूरज सोनी व जितेंद्र झा ने राम, लक्ष्मण, सीता की आरती उतार कर किया। इस मौके पर डॉक्टर उत्तम गुप्ता ने कहा कि राम के आदर्शों को हर व्यक्ति को अपने अंदर समाहित करना चाहिए और सदैव सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। रामलीला मंचन में रामकेवट संवाद में 'मांगी नाव न केवट आना कहहू तुम्हार मरम न हम जाना' संवाद सुनकर पंडाल में श्रोता भावुक हो उठे। केवट भगवान राम के वन जाते समय प्रभु राम से यह बात कहता था। राजा दशरथ ने कैकेयी के चारों वचनों को पूरा करने के लिए राम वन गमन को विवश हो जाते हैं। तब राम से खुद वन गमन का प्रस्ताव मान लेते हैं। महाराज दशरथ को समझाते हैं और सीता व लक्ष्मण के साथ स्वयं मंत्री सुमंत के साथ प्रस्थान कर जाते हैं। अयोध्या की सीमा से सुमंत को वापस कर देते हैं और उसके बाद खुद वहीं से पैदल चलकर नदी के पास पहुंचते हैं। नदी पार करने के लिए केवट को बुलाया। केवट आने पर प्रभू राम को पहचान जाता है और नदी पार कराने से मना कर देता है। प्रभू राम कारण पूछते हैं तो केवट कहता है कि आपको बैठाने से मेरा नौका औरत बन जायेगी तो मैं क्या करूंगा इसलिए आपके पांव को पखारने के बाद ही बैठा सकता हूं। फिर प्रभु राम के सहमत से वह उनके पांव को पखार कर नौका में बैठाकर नदी पार कराया। यह मंचन देख दर्शक भाव–विभोर हो गये। दर्शकों ने जय श्री राम के नारे से पूरा पण्डाल भक्तिमय हो गया। दूसरे दृश्य में रावण द्वारा सीता का हरण मंचन हुआ और उसी दौरान मां सीता को बचाने के लिए जटायूं और रावण



का युद्ध हुआ जिसे देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। रामलीला का संचालन कामरेड जय प्रकाश सिंह व अमित सिंह जुगनू ने किया।इससे पूर्व रामलीला में एक्टर व गायक कलाकार जितेंद्र झा ने एक से एक गीत सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर सपा छात्र सभा के पूर्व अध्यक्ष अतुल सिंह, हरिकेश, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपकसिंह, विशाल सिंह जैकी,प्रबंधक संतोष सिंह दादा,उप प्रबंधक अमित सिंह जुगनू, अध्यक्ष अखिलेंद्र सिंह प्रधान,उपाध्यक्ष विपिन सिंह पिंटू अजय सिंह,सत्यपाल सिंह सत्तू,अनिल सिंह, डायरेक्टर मनोज सिंह महाजन ,सूर्यभान सिंह, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह पप्पू,महामंत्री शिव शंकर सिंह बचानू,शिवा सिंह, प्रिंस सिंह, संतोष एडवेकेट, कल्लू कोटेदार, सिंटू सिंह,सूरत सिंह,अभय राज सिंह, अनिकेत सिंह,संजू गुप्ता,हीरा गुप्ता, टोनू सिंह, छोटे लाल सिंह मास्टर, रजनीश चौबे, प्रधान आरती अखिलेंदर सिंह, अनुज सिंह, डब्लू मास्टर,भीम यादव, हीरालाल गुप्ता,पूर्व प्रधान मनोज सिंह,प्रत्रकार ज्ञान चंद गुप्ता मीडिया प्रभारी वन्देश सिंह ,दीपक श्रीवास्तव व प्रभाकर सिंह योगी उपस्थित रहे।

# सरयू के बढ़ते जलस्तर से निर्मली कुंड व आसपास के दर्जनों लोगों के घरों व मंदिरों के सामने घुसा पानी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर से जहां एक ओर आसपास स्थित गांवों में बाढ़ की स्थिति बन गई है।अगर देखा जाए तो जहां एक ओर सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर से गुप्तारघाट, जमथरा,माझा सहित आसपास के इलाकों में बाढ़ की स्थिति दिखाई दे रही थी। वही इसी कड़ी में सरयू नदी में लगातार बढते जलस्तर से थाना कैंट क्षेत्र में स्थित निर्मली कुंड में बाढ़ की स्थिति काफी दयनीय बनी हुई है। यहां पर हालात यह है कि सरयू नदी का पानी आसपास के घरों, मंदिरों व सड़कों के साथ साथ गलियों में दिखाई दे रहा है। जिसके चलते वहां पर रहे लोगों में जहां एक ओर बाढ़ के चलते किसी जहरीले जंतुओं व डूबने से आशंकित दिखाई दे रहे हैं वही यहां के लोग यहां पर अपने अपने घरों व मंदिरों के साथ सड़कों व गलियों में जलभराव के चलते संक्रामक रोग को लेकर काफी आशंकित है। इस संबंध मे अयोध्या नगर निगम के निर्मली कुंड से पार्षद अमरजीत निषाद ने बताया कि यहां पर सबसे ज्यादा बाढ़ से अन्ना देवी,गोली निषाद,शिवा निषाद, दीपक निषाद, मुन्ना निषाद, गजाधर, मनोहर, बाबूराम सहित दो दर्जन से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। यहां का आलम यह है कि इन लोगों के घरों के अंदर आंगन में बाढ़ का पानी घुस आया है।इसके अलावा इनके घरों के आसपास गलियों व सड़कों पर जिसमें खासकर निर्मली कुंड व गुप्तारघाट स्थित मंदिरों के आसपास बाढ़ का पानी घुस गया है।

## थाना शाहगंज पुलिस ने चोरी के सामान के साथ एक अपराधी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर महोदय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 13.10.2022 को प्रभारी निरीक्षक शाहगंज श्री सदानन्द राय मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक नफर बाल अपचारी को विधि द्वारा निहित नियमों का अनुपालन करते हुए चोरी के सामान (एक लैपटाप व 05 मोबाइल तथा 3000 रूपये नकद) के साथ दादर पुल कस्बा शाहगंज से गिरफ्तार किया गया, अपचारी के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–281/2022 धारा–457/380 भादवि से सम्बन्धित चोरी गये सामान को बरामद करते हुए मु0अ0सं0–282/2022 धारा–41/411,414 भादवि पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा गया । अपराधी का आपराधिक इतिहासः– 1. मु0अ0सं0–281/2022 धारा–457/380/411 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–282/2022 धारा–41/411,414 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरणः– 1.HP कम्पनी का लैपटाप रंग स्लैटी। 2.मोबाइल टच स्क्रीन VIVO व रंग आसमानी IMEI NO- 861326052443998, 861326052443980। 3.मोबाइल टच स्क्रीन REALME व रंग स्लैटी IMEI NO- 860745053097696, 860745053097688। 4.मोबाइल टच स्क्रीन REALME व रंग आसमानी



IMEI NO- 861573054328454, 861573054328447। 5.मोबाइल टच स्क्रीन OPPO व रंग नीला IMEI NO- 867120041188952, 867120041188945। 6.मोबाइल टच स्क्रीन iphone व रंग सफेद। 7.एक चोरी के लैपटाप की बिक्री से प्राप्त 3000 रूपये। गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1.श्री सदानन्द राय, प्रभारी निरीक्षक थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.मु0आ0 चालक चालक मनोज कुमार चौबे, मु0आ0 राजकुमार यादव, मु0आ0 सलीम खान, का0 विकेश चौहान, का0 बृजेश मिश्रा, का0 अनिल कुमार निषाद, का कुन्दन कुमार, का0 विनोद कुमार यादव, का0 अंकुश कुमार सिंह थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।